हिन्दुस्तान
तरक्की को चाहिए नया नजरिया
विश्व पृथ्वी दिवस
सोमवार, 22 अप्रैल 2019, वाराणसी, पांच प्रदेश, 21 संस्करण, मऊ
www.livehindustan.com
वर्ष 10, अंक 95, पेज 18, मूल्य ₹5.00, वैशाख, कृष्ण पक्ष, तृतीया, विक्रम संवत् 2076

7.6 बिलियन लोग धरती पर रहते हैं। एक अनुमान के मुताबिक वर्ष 2050 तक यह संख्या 9.8 बिलियन हो जाएगी।

विश्व पृथ्वी दिवस

सफल प्रतिभागियों को किया गया सम्मानित

बलिया मोड़ स्थित एक प्लाजा में रविवार को प्रतिभा सम्मान समारोह में छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित। • हिन्दुस्तान

मऊ। प्रतिभा सम्मान समारोह नगर के बलिया मोड़ स्थित प्रसाद वाटिका में डिस्कवरी आफ नॉलेज के तत्वावधान में रविवार को हुआ। जिला समन्वयक अविनाश श्रीवास्तव ने कहा कि कि डिस्कवरी आफ नॉलेज द्वारा नवंबर 2018 में जिला स्तरीय सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिसमें जिले के सैकड़ों छात्रों ने भाग लिया था। रविवार को प्रतियोगिता में विजेता 100 छात्रों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड से सम्मानित डॉ. बीआर सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में भारतीय व्हीलचेयर क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ अभय प्रताप सिंह, एसएमएस कॉलेज के डीजीएम प्रवीण सिंह, कुलदीप सिंह, मौजूद रहे। जिसमें प्रथम पुरस्कार के रूप में 15000 रुपये का इनाम अभिजीत पाल अमर शहीद भगत सिंह इंटर कॉलेज, द्वितीय पुरस्कार 10000 का इनाम पूजा मोरिया को मां शारदा बालिका इंटर कॉलेज तथा तृतीय पुरस्कार के रूप में 5000 का इनाम खुशबू चौहान को श्री दुर्गा जी इंटर कॉलेज ने प्राप्त हुआ। 50 बच्चों को मेडल और सर्टिफिकेट दिया गया।